-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 01.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना पैलानी पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन मुस्कान"** के क्रम में आज दिनांक 01.02.2025 को थाना पैलानी पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई 07 वर्षीय बालिका के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया । गौरतलब हो कि आज दिनांक 01.02.2025 को थाना पैलानी पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम नरी के पास एक 07 वर्षीय बालिका रास्ता भटक गई है और पता नहीं बता पा रही है । सूचना पर तत्काल थाना पैलानी पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर पूछताछ की गई तो बच्ची ने अपने पिता का नाम छोटू व माता का नाम नेहा बताया एवं अपना पता नही बता पा रही थी । पुलिस टीम द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए पाया कि बच्ची के माता-पिता पैलानी के रहने वाले है । तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा गुम हुए बच्ची को थाना लाकर उसके माता-पिता को सकुशल सुपुर्द किया गया । परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया ।

टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री इकरार अहमद
2. म0उ0नि0 हिमांशी वर्मा
3. म0कां0 सुनीता चौरसिया
4. म0कां0 सपना अहिरवार